हिमाचल प्रदेश
जल शक्ति विभाग

LEFT BANK PUMPHOUSE MIP NADAUN (मध्यम सिंचाई परियोजना नादौन)

पेयजल योजना बाली चौकी, थुनाग जिला मण्डी

जल परीक्षण प्रयोगशाला धर्मशाला

मल निकासी योजना भौंट, गोलछा जिला शिमला

वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट
01–04–2021 से 31–03–2022

Administrative Report-2021-22.doc

"SAVE WATER SAVE LIFE"

वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट 01–04–2021 से 31–03–2022

विषय सूची

क्रम सं0	विवरण		पृष्ट
1	उद्देश्य एवं कार्य		1
2	प्रशासन व्यवस्था		2–3
3	विभागीय उपलब्धियां		3–4
4	पेयजल आपूर्ति		5
4.1	ग्रामीण पेयजल		5
4.2	जल जीवन मिशन		5
4.3	हैंण्डपम्प कार्यक्रम		6
4.4	शहरी जलापूर्ति		6
4.5	शहरी मल निकासी योजनाएं		6
4.6	सीवरेज ट्रीटमैन्ट प्लांट		6
5	सिंचाई		7–12
5.1	वृहद सिंचाई योजनाएं		7
5.2	मध्यम सिंचाई योजनाएं		8–10
5.3	लघु सिंचाई योजनाएं		11
5.4	प्रधानमन्त्री कृषि सिंचाई योजना		11–12
5.5	कमान क्षेत्र विकास कार्यक्रम		12
6	बाढ़ नियन्त्रण		13–16
6.1	स्वां नदी चैनलाईजेशन		13
6.2	जिला कांगड़ा में छोंछ खड्ड का चैनलाइजेशन		14
6.3	सीर खड्ड का तटीयकरण		14
6.4	बाटा नदी का तटीयकरण (सुंनकर)		15
6.5	ब्यास नदी का तटीयकरण (पलचन से औट तक)		15
6.6	पब्बर नदी का तटीयकरण		15–16
6.7	सुकेती खड्ड का तटीयकरण		16
7	मानव संसाधन विकास गतिविधियां		16–17
7.1	जल एवं स्वच्छता सहयोग संगठन		16
7.2	कम्प्यूटरीकरण		17
8	बाह्य सहायता		18
8.1	नेशनल हाईड्रोलॉजी परियोजना		18
8.2	नाबार्ड		19
9	सूचना का अधिकार अधिनियम		19–20
9.1	सूचना का अधिकार		19–20
9.2	सूचना अधिकार से सम्बन्धित प्रशिक्षण		20
10	लोक सेवा गारंटी एक्ट–2011		20–21
	प्रशासनिक एवं संरचना विवरणी		22
	अनुबन्ध "क"		23–29
	अनुबन्ध "ख"		30–31
	अनुबन्ध "ग"		32–33
	अनुबन्ध "घ"		34

1. विभाग के उद्देश्य/कार्य

- ग्रामीण व शहरी पेयजल क्षेत्र में जल एवं आधारभूत ढांचे का विकास
- कृषि योग्य भूमि को सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध करवाना ।
- मल निकास ढांचे का विकास ।
- बाढ़ नियन्त्रण कार्यों का विकास ।

विभाग के उद्देश्य/कार्य	वर्ष 2021–22 में बजट प्रावधान (रूपये करोड़ों में)
• ग्रामीण पेयजल योजनायें	329.47
• जल जीवन मिशन	2118.01
• शहरी पेयजल योजनायें	44.87
• हैण्डपम्पों की स्थापना	3.42
• सिंचाई।	315.89
• **CAD**	81.05
• बाढ़ नियन्त्रण कार्य	28.91

2. प्रशासन व्यवस्थाः

हिमाचल प्रदेश जल शक्ति विभाग पूर्णतः प्रमुख अभियन्ता के अधीनस्थ है। यह विभाग मुख्यत: चार कार्य–क्षेत्रों में विभक्त है। (1) धर्मशाला क्षेत्र (2) शिमला क्षेत्र (3) मण्डी क्षेत्र तथा (4) हमीरपुर क्षेत्र। इन सभी क्षेत्रों का नियन्त्रण सम्बन्धित मुख्य अभियन्ताओं के पास है। शिमला क्षेत्र का मुख्यालय जल शक्ति भवन, शिमला–5 में, धर्मशाला क्षेत्र का धर्मशाला, मण्डी क्षेत्र का मण्डी और हमीरपुर क्षेत्र का मुख्यालय हमीरपुर में स्थित है। इन सभी का नियन्त्रण प्रमुख अभियन्ता के पास है। अधीक्षण अभियन्ता को हाईड्रोलॉजी का नोडल अधिकारी बनाया गया है तथा इसका नियन्त्रण भी प्रमुख अभियन्ता के पास है। इसके अतिरिक्त मण्डी में प्रमुख अभियन्ता (परियोजना) का कार्यालय स्थापित किया गया है। जल शक्ति विभाग को सुदृढ़ तरीके से चलाने हेतु, प्रमुख अभियन्ता के अधीन मुख्यालय में एक मुख्य अभियन्ता (रूपांकण एवं अनुश्रवण) है। इसके अतिरिक्त 3 अधीक्षण अभियन्ता (कार्य) तथा योजना एवं अन्वेषण इकाई–1 व 2 मुख्यालय में कार्यरत हैं। अधीक्षण अभियन्ता योजना एवं अन्वेषण को ग्रामीण व शहरी पेयजल आपूर्ति, मल निकास, सिंचाई एवं बाढ़ नियन्त्रण योजनाओं की प्लानिंग तथा मुख्यालय का कार्य सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त शिमला में प्रोजेक्ट डायरेक्टर एवं मुख्य अभियन्ता के अधीन हि0 प्र0 ग्रामीण पेयजल आपूर्ति परियोजना के प्रबन्धन व कार्यान्वयन हेतु प्रोजेक्ट मैनेजमैंट युनिट (PMU) की स्थापना की गई है जिसका नियन्त्रण भी प्रमुख अभियन्ता के पास है। शिमला क्षेत्र के अधीन मुख्यालय में एक अधीक्षण अभियन्ता (रूपांकण) भी कार्यरत है जो कि शिमला क्षेत्र के प्राक्कलनों की जांच पड़ताल करते है।

उपरोक्त कार्यकारी क्षेत्रो के अधीन वृतों का ब्यौरा निम्नलिखित है :–

1. प्रमुख अभियन्ता (परियोजना) मण्डी क्षेत्र

1. स्वां नदी बाढ़ प्रबन्धन परियोजना वृत, ऊना।

2. धर्मशाला क्षेत्र

1. जल शक्ति वृत, धर्मशाला
2. जल शक्ति वृत, नूरपुर
3. जल शक्ति वृत, चम्बा

3. शिमला क्षेत्र

1. जल शक्ति वृत, शिमला–9
2. जल शक्ति वृत, रिकाँग–पिओ
3. जल शक्ति वृत, नाहन
4. जल शक्ति वृत, रोहडू
5. जल शक्ति वृत, सोलन

4. मण्डी क्षेत्र

1. जल शक्ति वृत, सुन्दरनगर
2. जल शक्ति वृत, कुल्लू

5. हमीरपुर क्षेत्र

1. जल शक्ति वृत, हमीरपुर
2. जल शक्ति वृत, ऊना

3. जल शक्ति वृत, बिलासपुर
4. जल शक्ति वृत, धर्मपुर

प्रत्येक वृत को मण्डलों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक मण्डल का नियन्त्रण एक अधिशासी अभियन्ता के पास है। इस विभाग में कुल 66 मण्डल व एक भू–जल सगंठन कार्यरत है ।

प्रत्येक मण्डल को आगे उप–मण्डलों में बांटा गया है जिनका नियन्त्रण सहायक अभियन्ताओं के अधीन होता है। इस समय विभाग में कुल 211 उप–मण्डल कार्यरत हैं।

प्रत्येक मण्डल, उप–मण्डल के स्थान निर्धारण की स्थिति अनुबन्ध "क" में दर्शाई गई है।

इस विभाग में अधिकारी व कर्मचारी वर्ग के 31–03–2022 तक कुल 23766 स्वीकृत पद हैं जिनमें 11794 वर्कचार्ज जिन्हें रेगुलर काडर कर्मचारियों में पद लाया गया भी सम्मिलित हैं। पदों के आंकड़ों का विवरण अनुबन्ध "ख", "ग", और "घ" में दर्शाया गया है ।

3 विभागीय उपलब्धियाँ

ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमः

- जल जीवन मिशन के कार्यान्वित होने के उपरान्त ग्रामीण क्षेत्रों में बस्तियों के स्थान पर घरेलू पेयजल कनेक्शन आधारित परियोजनाओं का कार्य किया जा रहा है। इस अवधि में 8.43 लाख घरों में पेयजल कनेक्शन प्रदान किए गए है।

- जल जीवन मिशन के अन्तर्गत वर्ष 2021–22 में 3.02 लाख घरों को घरेलू नल कनेक्शन प्रदान कर दिए गए है।

शहरी पेयजल योजना

- प्रदेश में 61 शहरों में से 59 शहरों की पेयजल योजनाओं का विस्तार व रख–रखाव का कार्य जल शक्ति विभाग के पास है। तथा शेष 2 शहरों में से शिमला की पेयजल योजना शिमला जल प्रबन्धन बोर्ड तथा परवाणु शहर की पेयजल योजना हिमुडा के अधीन है।
- प्रदेश के सभी शहरों में पानी की सुविधा उपलब्ध है परन्तु कुछ शहरों की पेयजल योजनाएं पुरानी होनें के कारण विभाग द्वारा पेयजल योजनाओं का सम्वर्धन कार्य चरणबद्ध ढंग से करवाया जा रहा है।

सिंचाई

प्रदेश का कुल कृषि योग्य क्षेत्र 5.83 लाख हैक्टेयर है जिसमें से सिंचाई योग्य क्षेत्र 3.35 लाख हैक्टेयर है। मार्च, 2022 तक 2.94 लाख हैक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा प्रदान की जा चुकी है। वर्ष 2021–22 में मध्यम व लघु सिंचाई योजनाओं के माध्यम से 7826.42 हैक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाई जा चुकी है।

MIP Phina Singh

बाढ़ नियन्त्रण

प्रदेश का लगभग 2.31 लाख हैक्टेयर क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित होता है जिसमें से मार्च, 2022 तक स्वां नदी बाढ़ प्रबन्धन परियोजना के चौथे चरण के अन्तर्गत 7277.91 हैक्टेयर भूमि का बचाव किया गया है।

स्वां नदी बाढ़ प्रबन्धन परियोजना

4. पेयजल आपूर्ति

4.1 ग्रामीण पेयजल :–

जल जीवन मिशन के कार्यान्वित होने के उपरान्त, ग्रामीण क्षेत्रों में बस्तियों के स्थान पर घरेलू पेयजल कनेक्शन आधारित परियोजनाओं का कार्य किया जा रहा है। इस अवधि में 8.43 लाख घरों में पेयजल कनेक्शन प्रदान किए गए है। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत वर्ष 2021–22 में 3.02 लाख घरों को घरेलू नल कनेक्शन प्रदान कर दिए गए है।

4.2 जल जीवन मिशन :

भारत के माननीय प्रधानमन्त्री द्वारा 3.5 लाख करोड़ रूपये परिव्यय के साथ जल जीवन मिशन का प्रारम्भ किया गया है। इसका उद्वेश्य 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कार्यात्मक घरेलू नल कुनैक्शन (Functional Household Tap Connection) प्रदान करना है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्येश्य घरेलू स्तर पर पेयजल सेवा वितरण करना है अर्थात् नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में निर्धारित गुणवता के आधार पर पानी की आपूर्ति करना।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत वर्ष 2021–22 में 2,26,945 घरों को नल कनेक्शन लगने का लक्ष्य रखा गया था तथा इसे पूर्णतः पूर्ण कर लिया गया। प्रदेश में अभी तक 92.89 प्रतिशत के लगभग घरों को नल उपलब्ध करवाये जा चुके हैं। जल जीवन मिशन के तहत मार्च, 2022 तक कुल 3073.40 करोड़ रूपये की धनराशि भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराना सुनिश्चित हुआ है। भारत सरकार द्वारा 30.03.2022 को 750 करोड़ रूपये की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि प्रदेश को जारी की है। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पेयजल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए Pilot Project के तहत मंडी जिला के 9 ब्लोकों में 147 स्कीमों के लिए 215.45 करोड़ रूपये तथा कुल्लू जिला के 5 ब्लोकों में 138.10 करोड़ रूपये 2nd SLSSC वर्ष 2021-22 दिनांक 07–02–2022 को स्वीकृत किए गए। इस प्रोजेक्ट में जल की कमी के दिनों के लिए अतिरिक्त भंडारण क्षमता सृजित की जाएगीं जिसकी कुल लागत 353.55 करोड़ रूपये हैं और भारत सरकार द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार इन Pilot Project को मनरेगा तथा 15वां वित्त आयोग की सहायता से कार्यानवित किया जाएगा।

Year wise Physcial & Financial Achievement		
Year/Period	Physical Achievement (FHTC)	Expenditure in (Rs. Crore)
2019-20	161123	213.33
2020-21	380028	371.26
2021-22	302476	1581.71

4.3 हैण्डपम्प कार्यक्रम :

प्रदेश के सूखा प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति स्तर में वृद्धि के लिए हैण्डपम्पों की स्थापना की गई है। 31–03–2022 तक प्रदेश में कुल 41614 हैण्डपम्प स्थापित किये जा चुके हैं।

4.4 शहरी जल आपूर्ति :

प्रदेश के कुल 61 शहरों/शहरी स्थानीय निकायों में से 59 शहरों/शहरी स्थानीय निकायो की पेयजल योजनाओं का विस्तार व रख–रखाव का कार्य जल शक्ति विभाग के पास है तथा शेष 2 शहरों में से शिमला की पेयजल योजना शिमला जल प्रबन्धन बोर्ड तथा परवाणु शहर की पेयजल योजना हिमुडा के अधीन है। शिमला शहर को मिला कर कुल 48 शहरों/शहरी स्थानीय निकायों की पेयजल योजनाओं में सुधार का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि 2 शहरों/शहरी स्थानीय निकायों में कार्य प्रगति पर है। तथा अन्य 11 शहरों/शहरी निकायों की पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 (CPHEEO Manual) मापदण्ड़ों के अनुसार तैयार की जा रही है। वर्ष 2021–22 में 44.87 करोड़ रूपये का बजट का प्रावधान था।

4.5 शहरी मल निकासी योजनाएं :

राज्य में कुल 61 शहरों/शहरी स्थानीय निकायों में से शिमला शहर सहित 32 शहरों/शहरी स्थानीय निकायों में सीवरेज सुविधा प्रदान की गई है जिनमें से 10 शहरों/शहरी स्थानीय निकायों में मल निकासी योजनाओं का तथा 9 शहरों की मल निकासी योजना के उन्नयन का कार्य प्रगति पर है व शेष 19 शहरों/शहरी स्थानीय के लिए प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं जो वित्त पोषण हेतु राज्य शिर्ष/बाह्य वित्त पोषण के लिए प्रस्तावित किए जाएगा।

4.6 सीवरेज ट्रीटमैन्ट प्लांट :

राज्य में 62 सीवरेज ट्रीटमैन्ट प्लांट संचालित है जिनमें से 56 सीवरेज ट्रीटमैन्ट प्लांटों के रख–रखाव का कार्य जल शक्ति विभाग के पास है व शिमला शहर के 6 सीवरेज ट्रीटमैन्ट प्लांटों के रख–रखाव का कार्य शिमला जल प्रबन्धन बोर्ड के अधीन हैं। राज्य के सभी 62 सीवरेज ट्रीटमैन्ट प्लांटों की कुल स्थापित क्षमता 107.269 एम0 एल0 डी0 है जिनमें से शिमला शहर के 6 सीवरेज ट्रीटमैन्ट प्लांटों की स्थापित क्षमता 26.06 एम0एल0डी0 व शेष 56 सीवरेज ट्रीटमैन्ट प्लांटों की स्थापित क्षमता 81.209 एम0 एल0 डी0 है तथा राज्य में अन्य 24 सीवरेज ट्रीटमैन्ट प्लांटों का कार्य प्रगति पर है।

5. सिंचाई

प्रदेश में कुल 55.67 लाख हैक्टेयर भौगोलिक क्षेत्र में से 5.83 लाख हैक्टेयर क्षेत्र कृषि योग्य है जिसमें से 3.35 लाख हैक्टेयर क्षेत्र को बृहद व मध्यम एवं लघु सिंचाई योजनाओं के द्वारा सिंचाई के अन्तर्गत लाया जा सकता है। मार्च, 2022 तक 2.94 लाख हैक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाई जा चुकी है जिसका विस्तृत विवरण इस प्रकार है ;–

क्रम संख्या	शीर्ष – उपशीर्ष	कुल क्षेत्र जो 31–3–2022 तक सिंचाई के अधीन लाया गया।		कुल क्षेत्र
		सिंचाई विभाग	ग्रामीण विकास विभाग / कृषि विभाग	
1.	लघु सिंचाई योजनाएं	156051 है0	100657 है0	256708 है0
2.	वृहद सिंचाई योजनाएं	15287 है0	–	15287 है0
3.	मध्यम सिंचाई योजनाएं	22496 है0	–	22496 है0
	योगः–	1,93,834 है0	100,657 है0	2,94,491 है0

5.1 वृहद सिंचाई योजनाएं :–

प्रदेश में शाहनहर सिंचाई योजना एक मात्र वृहद योजना है। इस परियोजना का निर्माण संयुक्त रूप से हिमाचल प्रदेश तथा पंजाब सरकार द्वारा किया गया है। इस परियोजना की स्वीकृत राशि 387.22 करोड़ रूपये है। इस परियोजना का कार्य मार्च, 2013 में पूर्ण कर लिया गया है और इसके अन्तर्गत 15287 हैक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा प्रदान की जा चुकी है। इस परियोजना की प्रोजेक्ट कम्पलीशन रिपोर्ट भारत सरकार को भेजी जा चुकी है ताकि इस परियोजना को पूर्ण व केन्द्रीय सहायता योजनाओं से हटाया जा सके। इस परियोजना में कमान विकास क्षेत्र योजना शुरू की जा चुकी है तथा मार्च, 2018 तक 9807 हैक्टेयर भूमि को कमान विकास क्षेत्र योजना के अन्तर्गत लाया जा चुका है। पहले CAD परियोजना की DPR मार्च, 2012 में 68.00 करोड़ रूपये की स्वीकृत हुई थी जो कि अब 95.59 करोड़ रूपये की स्वीकृत हुई है।

परियोजना में कमान विकास क्षेत्र का कार्य आरम्भ किया जा चुका है तथा अभी तक 9807 हैक्टेयर भूमि को कमान विकास क्षेत्र के अधीन लाया जा चुका है तथा 79.43 करोड़ रूपये व्यय किए जा चुके है। शेष कार्य भारत सरकार की नई ISBIG के अधीन पूरा किया जाएगा जिसे की भारत सरकार द्वारा 2016–17 में शामिल किया है। इस योजना को सैद्धांन्तिक तौर पर स्कीम में शामिल किया जा चुका है। विभाग ने 75.21 करोड़ रूपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को ISBIG के दिशानिर्देशों के अनुसार तैयार कर STAC की स्वीकृति के बाद भारत सरकार की स्वीकृति व वित्तीय सहायता हेतु मार्च, 2018 को प्रेषित कर दी गई है।

5.2 मध्यम सिंचाई योजनाएं :–

चार मध्यम सिंचाई योजनाओं जैसे जिला सिरमौर में गिरी सिंचाई परियोजना (5262 है0) मण्डी में बल्ह घाटी सिंचाई परियोजना (2410 है0), व जिला ऊना में भबौर साहिब (प्रथम) (923 है0) एवं द्वितीय चरण सिंचाई परियोजना (2640 है0) का निर्माण कार्य पूर्ण कर उन्हें चालू कर दिया गया है। जहां तक इनके कमान क्षेत्र विकास कार्य का सम्बन्ध है, फील्ड चैनल व बाराबन्दी का कार्य परियोजनाओं पर किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त जिला बिलासपुर में चंगर सिंचाई परियोजना (2350 है0) का निर्माण कार्य पूर्ण करके चालू कर दिया गया है।

मध्यम सिंचाई परियोजना सिधाता :–

इस परियोजना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस परियोजना के अन्तर्गत 3150 हैक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इस परियोजना पर कमान क्षेत्र विकास कार्यक्रम के लिए 21.33 करोड़ रूपये की स्वीकृति भारत सरकार से मार्च, 2016 में प्राप्त हुई है तथा वर्ष 2016–17 में कमान क्षेत्र विकास का कार्य आरम्भ किया जा चुका है। इस योजना पर मार्च, 2018 तक 13.10 करोड़ रूपये व्यय किए जा चुके हैं। वर्ष 2016–17 में भारत सरकार ने CAD कार्यों को पूरा करने के लिए एक नई योजना Incentivisation Scheme for Bridging Irrigation Gap (ISBIG) बनाई है जिसमें इस परियोजना को शामिल किया गया है। अगस्त, 2017 में इस योजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को STAC से 18.70 करोड़ रूपये की ISBIG के दिशानिर्देशों के अनुसार अनुमोदित करवा कर भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय को ISBIG कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृति व वित्तीय सहायता हेतु मार्च, 2018 को प्रेषित कर दी गई है।

मध्यम सिंचाई योजना बल्ह वैली (बांयां किनारा)

इस परियोजना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस परियोजना की संशोधित लागत 103.86 करोड़ रूपये है और इसके अन्तर्गत 2780 हैक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा प्रदान की जाएगी। भारत सरकार ने CAD कार्यों को पूरा करने के लिए वर्ष 2016–17 में नई योजना Incentivisation Scheme for Bridging Irrigation Gap (ISBIG) बनाई है जिसमें इस परियोजना को शामिल किया गया है। अगस्त, 2017 में इस योजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को STAC से 17.25 करोड़ रूपये की ISBIG के दिशानिर्देशों के अनुसार अनुमोदित करवाकर भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यालय को ISBIG कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृति व वित्तीय सहायता हेतु मार्च, 2018 को प्रेषित कर दी गई है।

फिना सिंह मध्यम सिंचाई परियोजनाः–

इस परियोजना का कार्य प्रगति पर है। इस परियोजना की संशोधित लागत 204.51 करोड़ रूपये है तथा CCA 4025 हैक्टयेर है। इसमें टनल बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है और मार्च, 2021 तक इस परियोजना पर 265.41 करोड़ रूपये व्यय किए जा चुके हैं और इस योजना का कार्य 65 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

इस परियोजना की संशोधित डी0पी0आर0 614.31 करोड़ रूपये की निदेशक, CWC को तकनीकी चैकिंग के लिए भेजी गई है। ताकि इसे PMKSY के अन्तर्गत वित पोषण के लिए भारत सरकार को भेजा जा सके। इस परियोजना के अन्तर्गत CAD activities के लिए पहले CCA create करना होगा। CAD कार्य शुरू करने के लिए 41.73 करोड़ रूपये की DPR तैयार कर भारत सरकार को स्वीकृति हेतु भेजी गई है। इस परियोजना को PMKSY-AIBP के अन्तर्गत पूरे देश की 22 परियेाजनाओं को शामिल किया गया है। इन 22 परियोजनाओं की सूची में से हिमाचल प्रदेश की इस मध्यम सिंचाई परियोजना को भी शामिल किया गया है। जिसमें MIP Nadaun area को PMKSY-AIBP में मार्च, 2022 में शामिल कर लिया है। केंन्द्रीय जल आयोग मुख्य कार्यालय नई दिल्ली द्वारा मार्च, 2022 के मूल्य स्तर के अनुसार लागत को संशोधित कर 643.68 करोड़ रूपये कर दिया गया है। योजना की TAC से स्वीकृति व Investment Clerance के लिए प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित किया जा रहा है। संशोधित लागत के अनुसार परियोजना का कार्य पुर्ण करने का लक्ष्य मार्च, 2025 रखा गया है यदि परियोजना को वर्ष 2022–23 में PMKSY-AIBP भारत सरकार द्वारा वित्त पोषण के लिए शामिल किया जाता है।

नादौन मध्यम सिंचाई परियोजनाः–

इस परियोजना का कार्य प्रगति पर है। इस परियोजना की स्वीकृत राशि 97.59 करोड़ रूपये थी। वर्ष 2016 में योजना को भारत सरकार से 156.31 करोड़ रूपये की संशोधित DPR स्वीकृत करवाई गई है। इस परियोजना का कार्य मार्च, 2022 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है यदि भारत सरकार से केंन्द्रीय सहायता प्राप्त हो जाती है। इससे 2980 हैक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। मार्च, 2022 तक 143.63 करोड़ रूपये का व्यय किया गया है। लेफ्ट बैंक का काम पूरा हो चुका है और टेस्टिंग जारी है। बाएं किनारे में जल शक्ति विभाग का काम 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है और SOP का कार्य प्रगति पर है। इस योजना को PMKSY-AIBP के अन्तर्गत पूरे

देश की 22 परियोजनाओं को शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया है। इन 22 परियोजनाओं की सूची में से हिमाचल प्रदेश की इस मध्यम सिंचाई परियोजना को भी शामिल किया गया है। भारत सरकार ने मार्च, 2022 में प्रदेश सरकार के अथक प्रयासों से MIP Nadaun जिला हमीरपुर को प्रधानमन्त्री कृषि सिंचाई योजना में शामिल कर 2.25 करोड़ रूपये केन्द्रीय सहायता की पहली किस्त जारी कर दी गई है। केंन्द्रीय सहायता की अगली किस्त के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इस योजना को पूर्ण करने का लक्ष्य मार्च, 2023 तक प्रस्तावित है।

पीएमकेएसवाई –एआईबीपी के अंतर्गत शामिल करने/वित्त पोषण के लिए निम्नलिखित परियोजनाएं की जा रही हैं :

1. मध्यम सिंचाई परियोजना सुखाहर जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

इसकी अनुमानित लागत 153.80 करोड़ रूपये मूल्य स्तर 2015, (संशोधित अनुमानित लागत 220.48 करोड़ रूपये) मूल्य स्तर 2019 (CCA 2186 हैक्टेयर) MoWR, RD & GR, CWC नई दिल्ली की TAC द्वारा दिनांक 16.11.2018 को 153.80 करोड़ रूपये राशि की परियोजना का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। दिनांक 22 दिसम्बर, 2020 को आयोजित 50वीं बैठक में राज्य स्तरीय ईआईए प्राधिकरण द्वारा पर्यावरण मंजूरी दी गई है। सीडब्ल्यूसी नई दिल्ली को निवेश मंजूरी के लिए प्रस्ताव दिनांक 11.01.2021 को भेजा गया। इस योजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट 99 प्राथमिकता वाली परियोजना के तहत 03 जुलाई, 2019 को भारत सरकार को स्वीकृति के लिए भेजी गई है, जिसकी अनुमानित लागत 220.48 करोड़ रूपये है जिसके अन्तर्गत 2186 हैक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। स्वीकृति अभी अपेक्षित है।

2. मध्यम सिंचाई परियोजना ज्वालामुखी जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

इस परियोजना की अनुमानित लागत 194.47 करोड़ रूपये (मूल्य स्तर 2015 पर) और संशोधित लागत 263.55 करोड़ रूपये, CCA 2590 हैक्टेयर MoWR, RD&GR, CWC नई दिल्ली के TAC द्वारा दिनांक 16 नवम्बर, 2018 को 194.47 करोड़ रूपये की स्वीकृति और निवेश मंजूरी प्रदान की जानी है। इस परियोजना को TAC MOWR भारत सरकार द्वारा 194.47 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई है व इसके तहत सिंचित क्षेत्र 2590 हैक्टेयर होना हैं। इसकी investment clearance अभी तक भारत सरकार से अपेक्षित है। इस परियोजना को भारत सरकार के 99 Priority Project में शामिल करने के लिए भी 03, जुलाई 2019 को भारत सरकार को भेजा गया हैं। इस परियोजना को भारत सरकार की NIP योजना में शामिल व वित्तीय सहायता के लिए भी भेजा गया है। स्वीकृति अभी अपेक्षित है।

3. मध्यम सिंचाई परियोजना सत्यार खड्ड जिला मंडी (हि.प्र.)

इस परियोजना की अनुमानित लागत 232.48 करोड़ रूपये, CCA 2306 हैक्टेयर प्रदेश में 232.48 करोड़ रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। MoWR, RD&GR, CWC, नई दिल्ली की TAC द्वारा अनुमोदन और निवेश मंजूरी

दी जानी है, जिसके लिए सीडब्ल्यूसी को डैम के निर्माण के लिए परामर्श का काम प्रगति पर है।

5.3 लघु सिंचाई योजनाएँ :–

जल शक्ति विभाग द्वारा 156051 हैक्टेयर क्षेत्र व ग्रामीण विकास द्वारा 100567 हैक्टेयर लधु सिंचाई क्षेत्र में सिंचाई सुविधा प्रदान की गई है। वर्ष 2021–22 में मार्च, 2022 तक 7826.42 हैक्टेयर क्षेत्र में यह सुविधा प्रदान की गई ।

5.4 प्रधानमन्त्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY)

वर्ष 2015–16 में केन्द्र सरकार द्वारा Flagship Programme के अन्तर्गत प्रधानमन्त्री कृषि सिंचाई योजना शुरू की गई जिसका मुख्य उद्देश्य पानी का संरक्षण व हर खेत को पानी पहुंचाना, कृषि योग्य भूमि को सिंचाई के अधीन लाना व अधिक से अधिक कृषि उत्पादन बढ़ाना है। ए0आई0बी0पी0 तथा CADWM Programme भी इसी योजना में शामिल किए गए है। प्रधानमन्त्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY) योजना की Guidelines के अनुसार District Irrigation Plan & State Irrigation Plan सभी 12 जिलों के लिए तैयार कर लिए गए हैं जिसके अन्तर्गत वर्ष 2016 से 2022 तक 5705.77 लाख रूपये व्यय कर 186018 हैक्टेयर भूमि को सिंचाई के अन्तर्गत लाना प्रस्तावित है।

(1) भारत सरकार की "प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना" के "हर खेत को पानी" घटक के अंतर्गत स्वीकृत 111 लघु सिंचाई योजनाएंः–

वर्ष 2017–18 में 111 लघु सिंचाई योजनाओं के शेल्फ को भारत सरकार से स्वीकृत करवाया गया जिसकी अनुमानित राशि 33818.46 लाख रूपये है तथा 17880.86 हैक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा प्रदान की जाएगी।

इन योजनाओं के लिए भारत सरकार की केंद्रीय सहायता के रूप में 291.62 करोड़ रूपये प्राप्त किए जा चुके हैं तथा मार्च, 2022 तक 278.86 रूपये व्यय कर लिए गए हैं तथा 14899.60 हैक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा प्रदान कर दी गई है।

अभी तक इस शेल्फ की 81 योजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष 30 योजनाओं को दिसम्बर, 2022 तक पूर्ण कर लिया जायगा।

(2) भारत सरकार की "प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना" के "हर खेत को पानी" घटक के अंतर्गत स्वीकृत चार अन्य लघु सिंचाई योजनाएंः–

3534.09 हैक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा प्रदान करने हेतु "प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना" के "हर खेत को पानी" घटक के अन्तर्गत 87.35 करोड़ रूपये की 4 लघु सिंचाई योजनाओं के लिए स्वीकृत किए गए थे। भारत सरकार द्वारा इन 4 लघु सिंचाई योजनाओं के शैल्फ के क्रियान्वयन हेतु 80.90 करोड़ रूपये मार्च, 2022 तक जारी कर दिये गए है। राज्य सरकार द्वारा केंन्द्र से प्राप्त व राज्य शेयर सहित

3.33 करोड़ रूपये इस शैल्फ पर खर्च कर दिये गए हैं तथा मार्च, 2022 तक 3304.00 हैक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई के अधीन लाया जा चुका है। इन चार योजनाओं में से "उठाऊ सिंचाई योजना बिंगा" पूर्ण कर ली गई है शेष तीन योजनाओं को दिसम्बर, 2022 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

(3) 14 लघु सिंचाई योजनाएँः–

वर्ष 2021–22 के दौरान 9665.18 हैक्टेयर कृषि योग्य कमान क्षेत्र (CCA) की सिंचाई के लिए 378.99 करोड़ रूपये अनुमानित लागत की 14 लघु सिंचाई योजनाओं (SMIS) को प्रधानमन्त्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY) घटक "हर खेत को पानी" के तहत वित्त पोषण हेतु अनुमोदित किया गया है। भारत सरकार ने इन 14 लघु सिंचाई योजनाओं के लिए मार्च, 2022 में 17.05 करोड़ रूपये की केंन्द्रीय सहायता की राशि जारी की गई है। इन 14 लघु सिंचाई योजनाओं का कार्य विभाग ने शुरू कर दिया है तथा 17.05 करोड़ रूपये व राज्य का हिस्सा खर्च करने के उपरान्त अगली किस्त प्राप्त करने हेतू प्रस्ताव भेज दिया जाएगा।

5.5 कमान क्षेत्र विकास कार्यक्रमः–

विभाग द्वारा मार्च, 2019 तक वृहद व मध्यम सिंचाई योजना के अन्तर्गत 36638 हैक्टेयर व लघु सिंचाई योजना के अन्तर्गत 138804.78 हैक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाई गई है जिसमें से मार्च, 2018 तक वृहद व मध्यम सिंचाई योजनाओं का 45 प्रतिशत तथा लघु सिंचाई योजनाओं का utilization 42% है। भारत सरकार ने CAD कार्यों को पूरा करने के लिए एक नई योजना Incentivisation Scheme for Bridging Irrigation Gap (ISBIG) बनाई है जिसके अन्तर्गत प्रदेश की 5 परियोजनाएं व 23 लघु सिंचाई योजनाएं स्वीकृत हुई है को सैद्धांतिक तौर में शामिल किया गया है जिसमें 26805 हैक्टेयर क्षेत्र को कमान क्षेत्र विकास के अन्तर्गत लाना प्रस्तावित है।

हिमकैड (HIMCAD)

हिमाचल प्रदेश ने वर्ष 2017–18 में राज्य में निर्मित क्षमता और संभावित उपयोग में अन्तर को कम करने के लिए "HIMCAD" योजना आरम्भ की थी ताकि सिंचाई जल का संरक्षण व सदुपयोग हो एवं फसलों का विविधिकरण और एकीकृत कृषि हो सके। इस योजना के अन्तर्गत 274 लघु सिंचाई योजनाओं के 15242 हैक्टेयर कमान क्षेत्र विकास के लिए राज्य तकनीकी सलाहकार समिति (STAC) द्वारा 128.40 करोड़ रूपये का शैल्फ मंजूर किया गया है। अभी तक राज्य सरकार द्वारा इस योजना के लिए 92.00 करोड़ उपलब्ध करवाए गए हैं तथा शेष 36.40 करोड़ की राशि इस कार्य को सम्पूर्ण करने के लिए वांछित है। इस वर्ष 2021–22 में इस योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा 81.03 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है और मार्च, 2022 तक 81.03 करोड़ व्यय किए गया है। इस योजना के अन्तर्गत 274 लघु सिंचाई योजनाओं का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

इस योजना के अन्तर्गत 379 पूर्ण हो चुकी लघु सिंचाई योजनाओं के 23344.18 हैक्टेयर कमान क्षेत्र विकास के लिए राज्य तकनीकी सलाहकार समिति (STAC) की 61वीं मीटिंग के द्वारा 305.70 करोड़ का शैल्फ मंजूर किया गया है। मार्च, 2022 तक 4054.12 हैक्टेयर क्षेत्र भूमि का कमान क्षेत्र विकास के अन्तर्गत लाया गया है।

6. बाढ़ नियन्त्रण

प्रदेश का लगभग 2.31 लाख हैक्टेयर क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित होता है जिसमें से मार्च, 2022 तक स्वां नदी बाढ़ प्रबन्धन परियोजना के चौथे चरण के अन्तर्गत 7277.91 हैक्टेयर भूमि का बचाव किया गया है।

6.1 जिला ऊना में स्वां नदी का चैनलाइजेशन

स्वां नदी बाढ़ प्रबन्धन परियोजना के चौथे चरण का कार्य वर्ष 2013–14 में शुरू किया गया था जिसकी अनुमानित लागत 922.49 करोड़ रूपये है। परियोजना के इस चरण के अन्तर्गत दौलतपुर पुल से गगरेट पुल तक मुख्य स्वां नदी तथा दौलतपुर पुल से संतोखगढ़ पुल तक स्वां नदी में मिलने वाली 55 सहायक खड्डों के तटीयकरण का कार्य किया जाना है, जिसकी कुल लम्बाई 387.58 किलोमीटर है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर 7163.49 हैक्टेयर भूमि को बाढ़ से बचाया जा सकेगा तथा जिला ऊना के 165 गाँवों के 2,35,834 लोग लाभान्वित होगें। इस चरण का कार्य भारत सरकार के Flood Management Programme के अन्तर्गत किया जा रहा है। बाढ़ नियन्त्रण कार्यों की अनुमानित लागत (849.795 करोड़) का 70% केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जाएगा तथा 30% राज्य सरकार द्वारा खर्च किया जाएगा। 31 मार्च, 2022 तक इस योजना पर 892.09 करोड़ रूपये व्यय करके 392.605 कि0मी0 तटबांध बनाकर 7277.91 हैक्टेयर भूमि को बाढ़ से बचाया जा चुका है।

स्वां नदी चैनलाईजेशन

6.2 जिला कांगड़ा में छोंछ खड्ड का चैनलाइजेशन

छोंछ खड्ड का चैनलाइजेशन की DPR 179.59 करोड़ रूपये की भारत सरकार के जल संसाधन मन्त्रालय से वर्ष 2013 में अनुमोदित करवाई गयी थी। इसके अन्तर्गत खड्ड के दोनों तरफ 68 कि0 मी0 तटबंध बनाकर 35 गाँवों की 1740 हैक्टेयर भूमि को बाढ़ से बचाया जाना प्रस्तावित है। चैनेलाइजेशन का कार्य वर्ष 2014 में भारत सरकार के बाढ़ नियन्त्रण कार्यक्रम (Flood Management Programme) के अन्तर्गत शुरू किया गया था, जिसके अनुसार 112.35 करोड़ रूपये भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय सहायता के रूप में दिए जाने थे लेकिन योजना का 50 प्रतिशत से कम कार्य होने के कारण भारत सरकार ने (Flood Management Programme) के अन्तर्गत दी जा रही केन्द्रीय सहायता को वर्ष 2019 में रोक दिया। मार्च, 2021 तक प्रस्तावित 68 कि0 मी0 में से 25 कि0 मी0 तटबांध बनाकर 450 हैक्टेयर भूमि को बाढ़ से बचाया जा चुका है। इस कार्य पर मार्च, 2022 तक 74.35 करोड़ रूपये व्यय किए जा चुके हैं जिसमें 26.20 करोड़ रूपये केन्द्र सरकार द्वारा जारी की गई केन्द्रीय सहायता सम्मिलित हैं।

इस योजना के बचे हुए कार्य को पूर्ण करने के लिए संशोधित डी0पी0आर0 भी तैयार कर ली गई है, जिसकी अनुमानित लागत 334.52 करोड़ रूपये है। संशोधित डी0पी0आर0 तकनीकी एवं आर्थिक मूल्यांकन (Techno-Economic Appraisal) के लिए केन्द्रीय जल आयोग, (CWP) नई दिल्ली को भेज दी गई है, जिसकी वहाँ जाँच की जा रही हैं।

6.3 सीर खड्ड का तटीयकरण

जाहु से बम्म तहसील घुमाहरवीं जिला बिलासपुर तक सीर खड्ड के तटीयकरण का कार्य केन्द्र सरकार के Flood Management Programme के अन्तर्गत 14.25 करोड़ रूपये व्यय कर पूर्ण कर लिया गया है तथा इसके अन्तर्गत 120 हैक्टेयर भूमि का बाढ़ से बचाव किया गया है। मार्च, 2020 तक केन्द्र सरकार ने Flood Management Programme के अन्तर्गत इस योजना के लिए 498.75 लाख रूपये ही जारी किए गये थे। शेष केंन्द्रीय सहायता जारी करवाने के लिए मामला केन्द्र सरकार से उठाया गया था, जिसके फलस्वरूप केन्द्र सरकार के जल संसाधन विभाग ने दिनांक 28–09–2020 को पत्र संख्या Z-15014/2/2020-O/O DC (FM)-MoWR दिनांक 28–09–2020 इस योजना की बची हुई 498.75 लाख रूपये की केन्द्रीय सहायता भी राज्य सरकार को जारी कर दी है।

जिला मण्डी तहसील सरकाघाट के बड़े भू–भाग को बाढ़ के प्रकोप से बचाने के लिए बरछबाड़ से जाहू पुल तक सीर खड्ड के तटीयकरण के प्रस्ताव को भारत सरकार के जल शक्ति मन्त्रालय के जल संसाधन विभाग की सलाहकार समिति द्वारा दिनांक 09–12–2019 को हुई 143वीं0 बैठक में स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस कार्य की अनुमानित लागत 157.66 करोड़ रूपये है तथा इसके अन्तर्गत 115 हैक्टेयर भूमि को बाढ़ से बचाया जाना प्रस्तावित हैं। भारत सरकार के जल शक्ति मन्त्रालय के जल संसाधन विभाग की दिनांक 07–08–2020 को हुई बैठक की संस्तुति के अनुसार

इस परियोजना की दिनांक 30–09–2020 को निवेश स्वीकृति प्रदान कर दी गई हैं। इस योजना की प्रशासनिक अनुमोदन व व्यय स्वीकृति प्रधान सचिव हि0प्र0 द्वारा दिनांक 05.03.2019 को 157.66 करोड़ रूपये की प्राप्त हुई है। योजना का का र्य भारत सरकार की वार्षिक केन्द्रि य प्रा योजित योजना, बाढ प्रबंधन एवं सीमा क्षेत्र कार्यक्रम (FMBAP) के अन्तर्गत वर्ष 2021–2026 में किया जाना प्रस्तााावित है, जिसके लिए प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेज दिया गया है। जिसकी स्वीकृति वांछित है। भारत सरकार की स्वीकृति के उपरान्त व वित्त पोषण होने के बाद आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

6.4 बाटा नदी का तटीयकरण (सुंनकर)

